त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने रक्षाबन्धन की बधाई दी

लखनऊः 17 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने रक्षाबन्धन के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए सभी के सुखी जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि रक्षाबन्धन का पर्व परस्पर प्रेम को बढ़ाने और महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनकी सुरक्षा के लिये प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पर्व देश की सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को 'रक्षासूत्र' के इस मानवीय पर्व की मर्यादा को बनाये रखने की शपथ लेनी होगी।

अंजुम/ललित/राजभवन (292/22)